<u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

दिनाँक 26.02.2023

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-

थाना फूलबेहड पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त (बाल अपचारी) को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.02.2023 को थाना फूलबेहड पुलिस द्वारा ग्राम पिपरा बरौला से 01 नफर वांछित अभियुक्त (बाल अपचारी) अर्पित शर्मा पुत्र महेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम पिपरा बरौला थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 46/2023 धारा 376/506 भादवि0 व 3(2)(5) SC/ST Act को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त (अपचारी) के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.02.2023 को ग्राम पिपरा बरौला निवासी वादिनी मुकदमा द्वारा उक्त अभियुक्त के विरुद्ध बलात्कार कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त (बाल अपचारी) का विवरण</u>
अर्पित शर्मा पुत्र महेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम पिपरा बरौला थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 46/2023 धारा 376/506 भादवि0 व 3(2)(5) SC/ST Act

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>
1. उ0नि0 श्री नागेन्द्र कुमार पाण्डेय, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी।
2. हे0का0 उमेश प्रताप सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी।
3. का0 बलबीर सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी।

थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ इरशाद पुत्र इदरीश को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.02.2023 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 108/2023 धारा 376/504/506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ इरशाद पुत्र इदरीश निवासी ग्राम सिंगार पुर कोतवाली सदर जनपद खीरी को सैधरी मोड़ के पास गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

छोटू उर्फ इरशाद पुत्र इदरीश निवासी ग्राम सिंगार पुर कोतवाली सदर जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 चेतन प्रकाश (चौकी प्रभारी महेवागंज) थाना कोतवाली सदर
2. हे0का0 नीरज सिंह

थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, 02 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.02.2023 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 63/2023 धारा 302/323 भादवि0 में वांछित 02 नफर अभियुक्तों अनिल कुमार पुत्र रामकिशोर व सौरभ पुत्र अनिल कुमार निवासीगण ग्राम कोरैया एजेन्ट थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अनिल कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम कोरैया एजेन्ट थाना हैदराबाद जनपद खीरी
2. सौरभ पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम कोरैया एजेन्ट थाना हैदराबाद जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 चन्द्रभान यादव, थाना हैदराबाद
2. का0 शिवम यादव

<u>थाना गोला पुलिस द्वारा, अवैध चाकू बरामद कर अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ चाचा पुत्र रमेशचन्द्र को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण,बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 25.02.23 को थाना गोला पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध चाकू बरामद करके अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ चाचा पुत्र रमेशचन्द्र थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना गोला पर मु0अ0सं0 82/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।

<u>थाना मैलानी पुलिस द्वारा, जुआं खेलते हुए 04 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 1770 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैलानी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए 04 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्तें व कुल 1770/- रुपये नगद बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना मैलानी पर मु0अ0सं0 64/23 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी का विवरण

1. थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अ0सं0 46/23 धारा 376/506 भादवि व 3(2)5 SC/ST Act में वांछित अभियुक्त अर्पित शर्मा पुत्र महेश निवासी पिपरा बरौला थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 111 लीटर अवैध शराब बरामद कर 08 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **111 लीटर** अवैध कच्ची शराब बरामद कर **08 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **08 अभियोग** पंजीकृत किए गए।